तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024




11 कलश यात्रा के साथ कथा का हुआ शुभारंभ



12 नौका विहार करने सोंदूर जलाशय में तांता पर्यटकों...



## खबर संक्षेप



### सुबह 10 बजे तक छाया रहा कोहरा

**गरियाबंद।** रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। सुबह 10 बजे तक कोहरा छाए हुए थे, सड़कों पर चल रहे अधिकांश वाहन कोहरा अधिक होने के चलते सड़क किनारे खड़े रहे। सड़कों पर वाहन फोक लाइट और इंडिकेटर के सहारे से दौड़ रहे थे। अन्य दिनों के अपेक्षा रविवार को तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था लेकिन मौसम में बदलाव के चलते अधिकतम तापमान 27 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 13 डिग्री पर पहुंच गया। शाम को ठंड का एहसास बढ़ गया है। फिलहाल सुबह और शाम को ठंड पड़ रही थी लेकिन रविवार को बादलों के चलते तापमान में गिरावट रही। मौसम में आए इस बदलाव से ठंड का असर दिखने लगा है। रविवार को तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सर्द हवाओं के चलने के कारण दिन में सिहरन का एहसास होता रहा। शाम होते ही लोगों गर्म कपड़े निकाल लिए, जिनकी आमतौर पर भोर में ही जरूरत महसूस हो रही थी।

### नेशनल खिलाड़ी भेषराम डिप्टी सीएम से सम्मानित



**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा का स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन में धुसेरा निवासी भेषराम तारक को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान बम्हनी मार्ग पर ग्राम नांदगांव के निवासी कमलेश साय पिता बिसहत साय (24) के पास से 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए एवं बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

## जयंती : माता राजिम के उपदेश मानव जीवन के लिए कल्याणकारी

# राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी, देश भर से आयेंगे साधु-संत : मुख्यमंत्री साय







हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रविवार को राजिम मुख्यालय के महानदी किनारे महोत्सव स्थल में साहू समाज द्वारा आयोजित राजिम भक्तिन माता जयंती में पहुंचे राज्य के सीएम विष्णुदेव साय ने अपने उदबोधन की शुरूआत भगवान श्री राजीव लोचन, भोलेनाथ श्री कुलेश्वर महादेव और राजिम माता की जयकारे के साथ किया। सीएम श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका राजिम में पहली बार आना हो रहा है। वे इस पावन धरती को बारंबार प्रणाम करते है। कहा कि मैने आज भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर नाथ महादेव और राजिम माता की पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश के सुख समृद्धि खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना किया हूं। साहू समाज बहुत ही गौरवशाली समाज है। राजिम माता ने अपनी तपस्या के बल पर सिद्ध कर दिया कि कैसे सरलता के साथ भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। सीएम श्री साय ने रायगढ़ में काफी वर्षो से तपस्या में रत सत्यनारायण बाबा का भी जिक्र किया। कहा कि उनसे आशीर्वाद लेने जाते रहता हूं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ के साथ जिक्र करते हुए कहा कि मोदी के कारण पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है ये हम सबके लिए बड़े गौरव की बात है। राजिम के पावन भूमि का नाम लेते हुए ▶▶|शेष पेज 11 पर

- पीएससी में की गई गड़बड़ी की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय

### राजिम का विकास हो

प्रारंभ में साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू ने स्वागत भाषण दिया। कहा कि साहू समाज का इतिहास गौरवशाली इतिहास है। हम सभी समाज को साथ लेकर समरसता के रास्ते आगे बढ़ते है। साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि समरसता का संदेश देने वाली राजिम माता की जयंती है। हम चाहते है कि राजिम का विकास हो। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियो का स्वागत



### मोदी की गारंटी पूरा करने सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी : सीएम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में 2 साल का धान बोनस किसानों को देने का वादा किए थे। सुशासन दिवस में 12 लाख से ज्यादा किसान के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि किसानों को दिया जा चुका है। मोदी की गारंटी पूरा करने सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। सीएम श्री साय ने अपने उदबोधन के दौरान साफ-साफ कहा कि पीएससी में की गई गड़बड़ी की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिए है। सीएम के इस घोषणा पर उपस्थित जनसमुदाय ने जमकर तालियां बजाई और मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए। सीएम ने साहू समाज द्वारा की गई पांच एकड़ जमीन की मांग और कॉरिडोर के संबंध में कहा कि मै आश्वस्त करता हूं कि साहू समाज के हित में जो होगा वह निर्णय लेंगे।

### सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज : साव

डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि साहू समाज का गौरवशाली इतिहास है। भक्तिन माता और कर्मा माता का आशीर्वाद हम लोगों को प्राप्त है। हमारा यह समाज इमानदारी पूर्वक मेहनत करके खाने वाला समाज है। दूसरे जैसा लुटकर खाने वाला नहीं। इमानदारी और मेहनत यही हमारी समाज की विशेषता है,यही हमारी ताकत है। हमारा यह समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। कहा कि छत्तीसगढ़ की यह हमारी सरकार तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर प्रदेश को ले जाएगी। एक भी पैसा भ्रष्टाचार का आरोप उनके ऊपर नही लगा है। 2024 में फिर वे प्रधानमंत्री बनेंगे।

## सीसीटीवी कैमरा देखकर चोर का बदला मन, दुकान से ले गए खाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सीसीटीवी कैमरा की वजह से किसी वारदात का खुलासा होने या चोरों के पकड़े जाने की खबरें हम अक्सर सुनते रहते हैं। इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरा चोरी जैसी घटना को रोकते भी हैं। सीसीटीवी काफी प्रभावी होते है। ग्राम छुईहा बस स्टैंड पर लोकनाथ सिन्हा का किराना दुकान है। वहां लगाये सीसी कैमरा से एक वीडियो सामने आया है, जिसने किराना दूकान से चोरी करने के मकसद से पहूंचा था। चोरी करने पहूंचे शख्स ने सामने सीसीटीवी देख अपना इरादा बदल दिया। उल्टा पैर लौटते कुछ नहीं सूझा तो रोजमर्रा के समान को बाहर निकालने रखा



खाटिया को चलते बना। विडीयो में चोर 3:19 बजे रात को आता है थोड़ा ताक - झांक करता है। नजर कैमरा पड़ती है। और खाट को ले जाते दिख रहा है। दुकानदार पुलिस थाना फिगेंश्वर में रिपोर्ट कराने का मन बनाया है। फिर इन दिनों एक बार फिर चोर सक्रिय हो गए हैं। हर रोज क्षेत्रों में कहीं कहीं चोरी होने की खबर सुनने को मिल रहा है। कुछ ने फिगेंश्वर थाना में रिपोर्ट भी लिखाई है। कुछ ने थाना में पहूंचकर रिपोर्ट गये पर नहीं लिखे गए। हाल में विरेन्द्र ध्रुव जमाही के खेत से घेरा किये तार के को ले गये। इन्होंने कहा दो बार थाना पहूंचा पर पुलिस अधिकारी करगें देखेगें कह कर वापस भैज दिया गया। वहीं खलियान से धान चोरी की वारदात हो चुकी है। उपार्जन केन्द्र बेलर, परसदाकला में बड़ी मात्रा में धान चोरी हूई, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। अभी तक किसी भी जगह की चोरी नहीं पकड़ी गई न ही अभी तक चोरी का राजफास नहीं हो सका है। पकड़े नहीं जाने से चोरों का हौसला बुलंद हो रहा है। एसआई थाना फिगेंश्वर प्रहलाद ठाकुर ने कहा कि मामले की जनकारी मिली है,कार्रवाई करेगें।

## मेडकीडबरी में पोलिंग बूथ की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 55 क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेडकीडबरी में 1146 मतदाता हैं। लेकिन यहां मतदान केंद्र नहीं होने के कारण 5 किलोमीटर दूर पैदल चलकर मतदाता ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी मतदान केन्द्र क्रमांक 49 में मतदान करने जाते हैं। ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के सरपंच ढेलेश बाईं ध्रुव ने बताया कि वृद्ध, कमजोर, विकलांग अपने मत का प्रयोग करने से वंचित हो जाते हैं क्योंकि मेडकीडबरी से सुरगपानी की दूरी 5 किलोमीटर दूर है। और



इस स्थिति में उन लोगों वहां जाना नहीं चाहता है। मतदान के समय यहां पर धक्का मुक्की की नौबत आ जाती है। साथ ही साथ यहां मतदान केंद्र अतिशवेदनशील है। मेडकीडबरी में एक और मतदान केंद्र खोलने की अतिआवश्यक है। मतदान के समय लाइन में खड़े - खड़े पैर दुखने से लोग अलग जाकर बैठ जाते हैं। यहां महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। क्षेत्र के जनपद ▶▶|शेष पेज 11 पर


हरिभूमि **पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**


## यात्री जान जोखिम में डालकर कर रहे यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में दौड़ रहे अधिकांश यात्री बसो में सुरक्षा के माकुल इंतजाम नहीं है। जान जोखिम में डालकर यात्रा करना मजबुरी बन गया है और तो और बसो में किराए सूची भी चस्पा नहीं किया गया है। 52 सीटर बस में 100 से ज्यादा लोगों को ठूस - ठूस कर भरा जा रहा है। बसो में फिटनेस की जॉच नहीं हो रही है और न ही महिलाओं के लिए आरक्षित सीट उन्हे लाभ पहुंचा पाती है। पिछले दिनों उत्तरप्रदेश में एक बस आगजनी की घटना के बाद भी परिवहन विभाग इस घटना से सबक नहीं ले रहा है। जर्जर बसे फर्राटे मारते दौड़ रही है। यहां तक कही बस के चालको ▶▶|शेष पेज 11 पर

- बसो में नहीं की जा रही किराए सूची चस्पा

### यात्री बसों में नहीं लगा है पैनिक बटन

यात्री बसो में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पैनिक बटन लगाने की योजना सरकार ने तैयार की थी लेकिन आज तक नहीं लग पाया है। बस में किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाये सुरक्षा के मद्देनजर शासन द्वारा पैनिक बटन लगाने का आदेश दिया गया था। इसके लगने से बसो का लोकेशन स्पीड आदि का पता चल जाता है। इससे हादसे की आशंका कम हो जाता है लेकिन जिले में दौड़ रहे बसो में पैनिक बटन नही दिखाई देते।




## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन ने किया पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** मराठा समाज द्वारा 25 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर 25 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के साथ मराठा समाज के सदस्य शामिल होंगे। इस भव्य शोभायात्रा के लिए पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर मराठा समाज द्वारा मंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराजजी की फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया। युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि पोस्टर विमोचन के अवसर पर सुरेंद्र डुकरे, महेंद्र जाधव, गुणवंत घाटगे, लोकेश पवार, विनोद मांढरे, अतुल चव्हाण, दीपक इंग्ले, एवं अन्य मराठा सदस्य उपस्थित थे।

### लोकनाट्य दसमत का किया सफल मंचन



**रायपुर।** भारतीय जननाट्य संघ द्वारा रायगढ़ में राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा रायगढ़ में संगीतबद्ध नाटक दसमत का सफल मंचन किया गया। यह नाटक वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी द्वारा लिखित निर्देशित में किया गया। इस नाटक में मीना विश्वकर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, सुदामा शर्मा, उत्तम ठाकुर, घनश्याम वर्मा, विशाल वर्मा, नरेंद्र यादव, हेमलाल पटेल, नीतीश यादव, सुमित तिवारी, अर्जुन दास मानिकपुरी ने अभिनय पक्ष में योगदान दिया। मंच के पीछे गायन-हारमोनियम राकेश तिवारी, ढोलक-मांदर मनीष लदेर, बैंजो-मोहन साहू आदि ने भूमिका निभाई।

# इंजीनियरिंग छात्र भूल रहे पासवर्ड और आईडी, हलाकान सीएसवीटीयू ने कहा- प्रिंसिपल से पूछें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि छात्रों के आईडी और पासवर्ड भूले जाने को लेकर हलाकान हो गया है। सीएसवीटीयू ने अंततः नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि वे इसे अपने प्राचार्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीकी विवि के अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्रों के साथ संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भी आईडी-पासवर्ड अनिवार्य कर दी गई है। परीक्षा फॉर्म सहित किसी भी तरह के आवेदन के लिए यह जरूरी होता है। डिजिवर्सिटी पोर्टल में लॉग-इन करने के बाद ही छात्र आगे की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

■ अधिसूचना में कहा, प्रिंसिपल आईडी में उपलब्ध होती है जानकारी

छात्रों को एक बार ही अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाने की आवश्यकता होती है। छात्रों द्वारा इसे भूले जाने की जानकारी सीएसवीटीयू को प्राप्त हो रही है। कई छात्र ऐसे हैं, जो सीधे ही विवि आकर अथवा फोन के जरिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड पूछ रहे हैं। इन छात्रों के लिए ही सीएसवीटीयू ने अधिसूचना जारी की है।

## सभी तरह के आवेदन और अन्य कार्यों के लिए जरूरी होता है पासवर्ड-आईडी

### अकाउंट बनाने भेजा गया था रिमाइंडर

डिजिपोर्टल बनाने के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके बार तकनीकी विवि ने भी संबंधित महाविद्यालयों को सभी छात्रों के डिजिपोर्टल में अकाउंट बनाने कहा था। लंबे वक्त तक कई महाविद्यालयों ने छात्रों के अकाउंट इसमें नहीं बनाए थे। इसके लिए भी सीएसवीटीयू को कई बार रिमाइंडर जारी करना पड़ा था। गौरतलब है कि परीक्षा फॉर्म भरे जाने के अलावा छात्रों के परीक्षा परिणाम भी इस पोर्टल के जरिए प्राप्त होते हैं। स्थानांतरण प्रमाण पत्र, डिग्री सहित अन्य सुविधा भी विद्यार्थियों को इस पोर्टल के जरिए दी जा रही है।



### महाविद्यालयों को भी जानकारी नहीं

कई कॉलेज ऐसे भी हैं, जिन्हें यह जानकारी नहीं है कि प्राचार्य आईडी में ये उपलब्ध रहते हैं। ऐसे कॉलेज भी शिकायत लेकर पहुंच रहे छात्रों को सीधे विवि ही भेज रहे हैं। सीएसवीटीयू ने अपनी अधिसूचना में कहा है कि डिजिवर्सिटी पोर्टल के आईडी और पासवर्ड जो छात्र भूल गए हैं, वे इसे अपनी संस्था से प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य आईडी में यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध रहता है।

## 70 होक्टेयर वनक्षेत्र में 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई

# उदंती-सीतानदी के सघन वनक्षेत्र को उजाड़ने का सिलसिला जारी, ओडिशा के लोगों ने किया कब्जा

### सोमवार से बेदखली की कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गिरयाबंद जिला से सटे ओडिशा के रहवासियों द्वारा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व को उजाड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जंगल उजाड़कर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ वन अफसरों ने पिछले वर्ष अभियान चलाकर बेदखली की कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके जंगल में कब्जा करने का सिलसिला लगातार जारी है। वन विभाग के अफसरों को उदंती-सीतानदी के सघन वनक्षेत्र टांगरान नामक क्षेत्र में 70 हेक्टेयर वनक्षेत्र में 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई कर कब्जा करने की जानकारी मिली। वन अफसर सोमवार से अभियान चलाकर बेदखली की कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक जंगल में कब्जा करने वालों में 23 अतिक्रमणकारी ओडिशा के हैं, जबकि दो अतिक्रमणकारी कोंडागांव तथा धमतरी के हैं। शेष पांच अतिक्रमणकारी गरियाबंद के हैं। अफसर के अनुसार मौके पर जांच करने वन अफसरों की टीम पहुंची, तो अतिक्रमणकारियों द्वारा उस क्षेत्र में 25 वर्ष से ज्यादा समय से रहने का दावा किया गया। अफसरों ने अतिक्रमणकारियों को वैध दस्तावेज दिखाने के लिए कहा, तो अतिक्रमणकारी मौके पर दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।





### सेटेलाइट इमेज से चोरी पकड़ी गई

अफसर के अनुसार जिस वनक्षेत्र में पेड़ों की कटाई कर बेजा कब्जा किया गया था, उस क्षेत्र के वर्ष 2012 की सेटेलाइट इमेज निकालकर मिलान किया गया, तब अफसरों को जंगल की कटाई कर बेजा कब्जा करने की जानकारी मिली। सेटेलाइट इमेज के माध्यम से अफसरों को 70 हेक्टेयर वनक्षेत्र में बेजा कब्जा होने की जानकारी मिली।

### चुनौती देने हाईकोर्ट में याचिका

वन अफसरो ने अतिक्रमणकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया, तब अतिक्रमणकारियों ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। वन अफसरों ने अतिक्रमणकारियों की चुनौती के जवाब में कोर्ट में साक्ष्य के रूप में सेटेलाइट इमेज पेश किया। कोर्ट ने वन विभाग द्वारा पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर अतिक्रमणकारियों की याचिका खारिज कर दी।

### पांच सौ हेक्टेयर से ज्यादा अतिक्रणकारियों से मुक्त

गौरतलब है कि वन विभाग ने सेटेलाइट इमेज के अधार पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पेड़ों की कटाई कर कब्जा किए गए 514 हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर वहां पौधारोपण किया है। वन अफसरों ने सोरनामाल (189 हेक्टेयर), गोहरामाल (159 हेक्टेयर), घोरागांव (15 हेक्टेयर धमतरी जिला नगरी तहसील) तथा इचरादी (151 हेक्टेयर) वनभूमि को विभाग द्वारा पिछले वर्ष अप्रैल मई में कब्जा मुक्त कराया था।

### वन अफसरों पर हमले तक किए गए

वन अफसर तथा कर्मियों द्वारा की जा रही बेदखली की कार्रवाई में नाराज अतिक्रमणकारियों ने वन अफसर तथा कर्मियों पर हमले तक किए थे। ओडिशा के अतिक्रमणकारियों ने अपने गांव से लोगों को बुलाकर वन अफसरों की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन अफसर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पहले से अंकुश लगाने की बात कह रहे हैं।

# शार्ट अटेंडेंस बताकर पहले अयोग्य, फिर किस्तों में दे दी परीक्षा में बैठने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कालेज में कम उपस्थित बताकर जिन छात्रों को परीक्षा में बैठने से अयोग्य करार दिया गया था, बाद में उनमें से कुछ छात्रों को योग्य मान लिया गया। पुरानी सूची में शामिल छात्रों के पालकों ने किस्तों में एलीजिबेल छात्रों की सूची जारी करने के लिए कालेज प्रबंधन पर लेनदेन करने का आरोप लगाया है। पालकों का तर्क है कि इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की गई है, मगर अब तक किसी तरह का एक्शन नहीं हुआ है।

■ निजी मेडिकल कालेज रिम्स का मामला, पालकों में उपजा रोष

किस्तों में परीक्षा के लिए योग्य माने गए छात्रों की सूची से अलग स्टूडेंट के पालकों ने इसके लिए कालेज प्रबंधन पर लेनदेन करने का आरोप लगाया है। निजी मेडिकल कालेज रिम्स के प्रबंधन पर आरोप है कि उसके द्वारा चिकित्सा छात्रों को परीक्षा की योग्यता के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं, उसे सभी छात्रों ने पूरा किया था, मगर कालेज प्रबंधन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। एमबीबीएस के फाइनल ईयर का एग्जाम से रिम्स ने अपने ही करीब बीस छात्रों को अयोग्य करार दिया था। इसके लिए उन छात्रों पर कालेज प्रबंधन ने कम उपस्थिति सहित एनएमसी द्वारा तय किए गए मापदंडों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया था। इस सूची के बाद छात्रों के साथ पालकों में हड़कंप मच गया। कतिपय पालकों ने कालेज प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों से इस मामले में संपर्क किया। इसके बाद परीक्षा में बैठने वालों की किस्तों में सूची जारी की गई, जिसमें उन चिकित्सा छात्रों के नाम भी शामिल थे जो पहले दौर में परीक्षा के लिए अयोग्य कर दिए गए थे। जिन छात्रों का नाम इस सूची में शामिल नहीं हो पाया, उन्होंने मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा संचालनालय सहित चिकित्सा शिक्षा से जुड़े अन्य अधिकारियों से की, मगर इस पर अब तक किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है। पालकों ने आरोप लगाया है कि अयोग्य फिर योग्य छात्रों की सूची में नाम शामिल करने के लिए लेनदेन किया गया।

### नियम के तहत कार्रवाई

जिन छात्रों की उपस्थिति कम थी और परीक्षा की योग्यता के लिए बनाए गए नियम का पालन नहीं किया गया था, उनके खिलाफ कारवाई की गई है।

- डॉ. गंभीर सिंह, अधिष्ठाता, रिम्स मेडिकल कालेज

## हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में हर्बिवोर प्रजाति के वन्यजीवों का हो रहा शिकार

# एंटी स्नेयर वॉक से वन्यजीवों को शिकारियों से बचाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के जंगलों में वन्यजीवों की लगातार शिकार होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। हिंसक तथा शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार होने पर इसकी जानकारी मिल जाती है, लेकिन हर्बिबोर प्रजाति जिसमें हिरण, चीतल, सांभर तथा जंगली सुअर शामिल है, इन प्रजातियों के वन्यजीवों की शिकार की जानकारी वन अफसरों को यदा-कदा ही मिल पाती है। हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों के शिकार करने के बाद शिकारी वन्यजीव को अपने साथ ले जाते हैं।

गौरतलब है कि जंगल सफारी में गुरुवार को शिकारियों के माउथ बम से गंभीर रूप से घायल एक लकड़बग्घा को उपचार के लिए लाया गया है। कलड़बग्घे की हालत गंभीर बनी हुई है। माउथ बम चबाने से लकड़बग्घा के निचले हिस्से का चिथड़ा उड़ गया है। लकड़बग्घा को जीवित रखने के लिए लिक्विड डाइट में मटन तथा चिकन का सूप पाइप के माध्यम से दिया जा रहा है। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा के मुताबिक लकड़बग्घे की हालत में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन भविष्य में लकड़बग्घा द्वारा मांस के साथ हड्डी चबाकर खाया जा सकता है, इस पर संदेह है।



### शिकार रोकने कोई उपाय नहीं

वन अफसर वाइल्ड लाइफ क्राइम रोकने हरसंभव उपाय करने का दावा करते हैं, लेकिन वन अफसरों ने शिकार की घटना रोकने अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है, जिसकी वजह से राज्य के वनों में आए दिन शिकार की घटनाएं हो रही हैं। वन अफसर वाइल्ड लाइफ क्राइम होने के बाद तस्करों के कब्जे से वन्यजीवों की खाल तथा अंग जरूर जब्ती बनाकर वाहवाही बटोर लेते हैं, जबकि होना यह चाहिए की वन अफसर तथा कर्मी अपनी सजगता का परिचय देते हुए शिकार की घटना को रोकें।

### एंटी स्नेयर वॉक से शिकार पर अंकुश

जानकारों के मुताबिक शिकार की घटना रोकने वन अफसरों को राज्य के सभी वनमंडलों में एंटी स्नेयर वॉक अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए वन अफसर एनजीओ की मदद ले सकते हैं। गौरतलब है कि वन विभाग ने वर्ष 2019 में नोवा नेचर के साथ मिलकर एंटी स्नेयर वॉक अभियान चलाया था। अभियान तीन वर्ष तक चला। इन तीन वर्षों में नोवा नेचर तथा वन विभाग की टीम ने उदंती सहित बस्तर के कई इलाकों में भारी संख्या में माउथ बम रिकवर कर डिस्पोज करने के साथ शिकारियों के जाल जब्त किए थे।

**शिकार करने इन तरीकों को अपनाते हैं**

वन्यजीवों का शिकार करने शिकारी कई तरह के तरीके अपनाते हैं। इसमें विशेष तौर पर माउथ बम के साथ भरमार बंदूक तथा तीर धनुष का सहारा लेते हैं। इसके अलावा वन्यजीवों को फंसाने के लिए फंदे का उपयोग करते हैं। इसके अलावा गर्मी के महीने में वन्यजीव जहां पानी पीने के लिए जाते हैं, वहां पानी में जहर मिलाकर व्यजीवों का शिकार करते हैं।

**ऐसे तैयार करते हैं माउथ बम**


शिकारी माउथ बम बनाने के लिए मुर्गी अथवा बकरे की अतड़ियों का पोटा का इस्तेमाल करते हैं। माउथ बम बनाने के लिए शिकारी माचिस की तीली का बारूद निकाल लेते हैं। इसके साथ ही पोटाश तथा गंधक का अलग-अलग पैकेट तैयार करते हैं। इसके बाद इन सभी विस्फोटकों को पतले प्लास्टिक में पैक कर पोटा में कील तथा लोहे के छोटे टुकड़े के साथ पैक कर सुखा देते हैं। पोटा के सूखने के साथ तेज गंध आने पर वन्यजीव खाने के लिए पहुंच जाते हैं। वन्यजीव जैसे ही पोटा को चबाता है तेज विस्फोट होता है और और पोटा के अंदर रखे गए कील और लोहे के टुकड़े से वन्यजीव को नुकसान होता है। यहां तक कि उनकी मौत हो जाती है। माउथ बम का ज्यादातर इस्तेमाल ओडिशा के शिकारी उदंती तथा कांकेर के जंगल में करते हैं और स्थानीय शिकारियों को उक्त बम बेचते हैं।

# सबसे बड़े अस्पताल में रि-एजेंटस की किल्लत अटकी किडनी-लिवर, टाइफाइड जैसी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में एक बार फिर रिएजेंटस की किल्लत हो गई है। इसका सीधा असर मरीजों के इलाज पर होने लगा है। किट नहीं होने की वजह से किडनी-लिवर फंक्शन टाइफाइड के साथ सर्जरी के पहले अनिवार्य रूप से की जाने वाली हैपेटाइटिस-सी की जांच भी बंद कर दी गई है।

किसी भी बीमारी के इलाज के पहले मरीज की बायोकेमेस्ट्री अथवा पैथॉलॉजी से संबंधित जांच की जाती है। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद डाक्टर उपचार शुरू करते हैं। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की कुछ आवश्यक तरह की जांच एक बार फिर प्रभावित हो चुकी है। विभिन्न तरह की जांच पूरी करने के लिए रिएजेंट की आवश्यकता होती है, जिसकी मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल में शार्टेज हो चुकी है। इससे संबंधित जांच के लिए मरीजों को बाद में आने अथवा जरूरी होने पर निजी लैब में जाकर जांच कराने की सलाह दी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रतिदिन डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल में होने वाली प्रतिदिन की ओपीडी में होती है। इनमें से पचास प्रतिशत से अधिक लोगों का इलाज शुरू करने के लिए जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किडनी-लिवर के मरीजों के इलाज शुरू करने के लिए आरएफटी-एलएफटी की जरूरत पड़ती है, जिसकी जांच अभी बंद पड़ी है। इसी तरह बदलते मौसम में लोग बड़ी संख्या में सर्दी-खांसी से पीड़ित हो रहे हैं। मच्छरों के टांसमीशन का वक्त होने की वजह से वे सक्रिय हो गए हैं। इसकी वजह से अभी टाइफाइड जैसी मच्छरजनित बीमारी का पता लगाने होने वाली जांच भी नहीं हो पा रही है।



### जांच नहीं हो पा रही

रिएजेंट्स की कमी होने की वजह से कुछ जांच नहीं हो पा रही है। इसकी वजह से मरीजों के इलाज पर थोड़ा असर हो रहा है। व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

- डॉ. एसबीएस नेताम, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### आठ माह पहले भी परेशानी

जानकरी के मुताबिक आंबेडकर अस्पताल में करीब आठ माह पहले भी इस तरह की समस्याएं सामने आई थीं। उस दौरान भी मरीजों को विभिन्न तरह के रक्त से संबंधित टेस्ट सहित अन्य बीमारियों का इलाज नहीं हो रहा था। इस मामले का खुलासा होने के बाद किट की सप्लाई की गई थी और काफी प्रयास के बाद मरीजों को राहत मिल गई थी। किट अनुपलब्धता की लगातार शिकायत मिलने के बाद भी अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता का सिस्टम अभी तक नहीं बनाया जा सका है।

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले चिकित्सा शिक्षक

शासकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सा शिक्षकों ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें कालेज और अस्पताल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इसमें मानव संसाधनों की कमी, चिकित्सा उपकरण एवं रिएजेंटस-केमिकल्स की समय पर अनुपलब्धता भी शामिल था। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें जल्दी ही समस्या में सुधार का आश्वासन दिया है। मुलाकात करने वालों में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अरविंद नेरल उपाध्यक्ष डॉ. देवप्रिय लकड़ा, डॉ. निर्मल वर्मा, सचिव डॉ. जया लालवानी सहित कार्यकारिणी के सदस्य शामिल थे।

# घूम-घूम कर मोबाइल लूटने के आरोप में नाबालिग सहित तीन दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बाइक सवार बदमाश आए दिन मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे ही बाइक से घूम-घूम कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को लूटे गए दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में महिलाओं को लूटने की कोशिश में तीन बदमाश थाना के सामने बाइक से गिर गए। बाइक से गिरने के बाद बदमाश महिला को लूटने के बजाय खुद की जान बचाकर मौके से भागने में कामयाब रहे।

पुलिस के मुताबिक दलदल सिवनी निवासी अकलेश कुमार तथा रूपेंद्र कुमार ध्रुव को चलती बाइक से धक्का मारकर मोबाइल लूट करने के आरोप में पुलिस ने ताजनगर निवासी मोहम्मद कैफ तथा विधानसभा निवासी मोहम्मद गुलाम को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने चार दिन पूर्व तीन जनवरी को मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।



### लूटने की कोशिश में बदमाश गिरे

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा सवार महिलाओं को लूटने की कोशिश कर रहे तीन बदमाश थाने के सामने बाइक से गिर गए। बाइक से गिरने के बाद बदमाश अपने पकड़े जाने के भय से बाइक छोड़ मौके से जान बचाकर भागे। पुलिस के मुताबिक अटारी कालेज में लिपिक के पद पर पदस्थ शारदा काले एक अन्य महिला के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने शारदा के हाथ में रखे पर्स को छीनने की कोशिश की, लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों को पर्स देने के बजाय उन्हें धक्का दे दिया। महिला के धक्का देने से बाइक सवार गिर गए और महिला का पर्स भी गिर गया। इसके बाद बदमाश ने मौके पर बाइक छोड़कर भागने में अपनी भलाई समझी। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पतासाजी की, तो बाइक चोरी की निकली।

# बापू की कुटिया के संचालन की होगी समीक्षा वेंडिंग जोन देखने भुवनेश्वर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बुजुर्गों के लिए बनाई गई बापू की कुटिया के संचालन की जल्द समीक्षा होगी। इसके नए सिरे से संचालन को लेकर रणनीति बनाकर बंद पड़ी कुटिया को दोबारा शुरू कराने निगम प्रशासन कदम उठाएगा। यही नहीं, देश में वेंडिंग जोन के क्षेत्र में हुए श्रेष्ठ कार्य देखने निगम की टीम भुवनेश्वर जाएगी। गांधी सदन में शनिवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने बापू की कुटिया के सुव्यवस्थित संचालन पर जोर दिया। जिला कलेक्टर के दिशा-निर्देश पर बापू की कुटिया का संचालन करने वाले समूहों के साथ समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी। अधिकारियों के साथ बैठक में श्री मिश्रा ने कहा, देश में श्रीनगर सहित अन्य ऐसे नगर जहां वेंडिंग जोन विकास में श्रेष्ठ कार्य हुए हैं, उनकी तर्ज पर प्रशासन के माध्यम से रायपुर में वेंडिंग जोन विकसित करने कार्य किया जाए। सूत्रों के मुताबिक इसी सिलसिले में नगर निगम की टीम भुवनेश्वर जाकर वहां के वेंडिंग जोन का काम

### मच्छरों की रोकथाम के लिए जोनवार कल्स्टर

रायपुर नगर निगम के 10 जोन में मच्छरों की रोकथाम अब जोनस्तर पर की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जोन में कल्स्टर तैयार करने जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश दिए गए। शाम के समय फागिंग मशीन से दवा के छिड़काव की जिम्मेदारी जोनस्तर होगी। पहले यह काम वार्डस्तर पर होता रहा। दवा छिड़काव की व्यवस्था में खामियां पाए जाने के बाद अब इसमें सुधार कर जोनस्तर पर कल्स्टर बनाने का फार्मूला लाया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को नवाचार के साथ काम करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता की जीएफसी स्टार रेटिंग में रायपुर को फाइव स्टार रेटिंग मिलने पर पूरी टीम को शाबासी दी। आयुक्त ने सेवन स्टार रेटिंग के लिए तय मापदंडों को पूरा करने अभी से जुटने का आव्हान किया है। शहरी स्वच्छता, नागरिक सेवाओं और जन सुविधाओं के लिए देश के विभिन्न शहरों में हो रहे नवाचारों के अनुरूप कार्य गंभीरता से करने पर जोर दिया।

### रात का तापमान चार डिग्री ज्यादा

**रायपुर।** दक्षिण दिशा से आने वाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव से शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है। दिन में छा रही धुंध और हवा की गति अधिक होने से ठंडकता का अहसास हो रहा है। अगले चार दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं, इसके बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, मगर बंगाल से आने वाली हवा की नियमितता बनी हुई है। अभी नारायणपुर जैसे इलाके में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। रायपुर का तापमान 17 डिग्री तक पहुंच गया है, यह जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से सुबह के वक्त गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तिमय वातावरण तैयार करने प्रभातफेरी निकाली जा रही है। रामभक्त संवेदना समूह द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियों द्वारा रामटोली के माध्यम से सुनिता देवदत्त चंद्राकर, उमेश गोस्वामी, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, ओम प्रकाश चंद्राकर, अदिति चंद्राकर, मोना चंद्राकर, डोमार साहू, देवदत्त चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, गीता, किसन चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर समेत डाइट के छात्राध्यापकों, गांव के छात्रों द्वारा भक्तिमय वातावरण बनाया जा रहा है।



### बैंक में मनाया गया स्थापना दिवस

**महासमुंद।** 6 जनवरी को यूको बैंक महासमुंद ब्रांच ने बैंक का 82वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बैंक में ग्राहकों का आना जाना लगा रहा। सभी को मिठाई खिलाई गई।



### पेंशनरों ने किया विधायक का सम्मान

**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद जिलाध्यक्ष आरडी साहू के नेतृत्व में पेंशनर सम्मेलन कार्यक्रम बेमचा गायत्री मंदिर परिसर में हुआ। समेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का पेंशनरों द्वारा स्वागत किया गया। बाद महिला/पुरुष पेंशनरों का श्रीफल, साल व पुष्प हार से स्वागत किया गया। इस मौके पर पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। आगंतुक अतिथियों का स्मृति चिन्ह व श्रीफल से स्वागत किया गया।



### संकल्प यात्रा में लोगों को आज संबोधित करेंगे पीएम

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा विमल चोपड़ा ने बताया कि 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह साढ़े 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव संबोधित करेंगे। मोदी देश के समस्त नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव व उनसे जुड़े अन्य अनुभव साझा करेंगे। जिला संयोजक डा चोपड़ा ने उक्त कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारी के लिए मंडल संयोजकों को जुटने आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के संबोधन को एलईडी के माध्यम से समस्त ग्रामों में संकल्प यात्रा के दौरान निर्बाध रूप से प्रदर्शित करने पूरी तैयारी कर लें। गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर संकल्प यात्रा में शामिल होने आग्रह करें। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की हो इसकी तैयारी मंडल प्रभारियों को करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

### कलेक्टर जन चौपाल अब प्रत्येक सोमवार को

**महासमुंद।** आम जनता की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए जिला कार्यालय महासमुंद में कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन अब प्रत्येक सोमवार को अपरान्ह 12 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर जनचौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में अपरान्ह 12 बजे तक किया जाएगा।

## खेल : आत्मानंद के वार्षिक खेल स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ

# खेलकूद से छात्रों को मिल रही अलग पहचान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथि के रूप में देवीचंद राठी, संदीप दीवान, मंगेश टांकशाले, मीना वर्मा, हनीफ कुरैशी, बंटी शर्मा, महेंद्र सिका, रमेश साहू, हनीफ बग्गा, गोपाल वर्मा, गुड्डा सिन्हा, वीरेंद्र चंद्राकर एवं शिक्षा विभाग से सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।

समस्त अतिथियों को स्कूल के मुख्य गेट से मंच तक संस्था के स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए लाया गया।



सरस्वती पूजा के पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों छात्र संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। प्राचार्य अमी रूफस ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। छात्र संघ के शाला नायिका चेष्ठा ने अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया। शाला नायक लिशांशु द्वारा सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई। विधायक सिन्हा एवं समस्त अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित परेड की सलामी लेकर छात्रों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए शपथ दिलाई। वार्षिक खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गई।

अपने उद्बोधन में विधायक सिन्हा ने कहा कि खेल कूद में भाग लेने वाले छात्र अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कहावत पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब वाली कहावत अब बदल गया है। अब खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र बहुत आगे बढ़ रहे है। आईएएस, आईपीएस. डाक्टर इंजीनियर बन रहे हैं। खिलाड़ी को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। मैदान में जो खेलेगा वही जीतेगा और वही हारेगा, खिलाड़ी को न जीतने की खुशी न हारने का गम इस बात को लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम में देवीचंद राठी, संदीप दीवान, मीना वर्मा, रमेश साहू तथा नंद किशोर सिन्हा ने अपने विचार रखे।

### छात्राओं ने प्रस्तुत किया शानदार जुंबा डांस

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा शानदार जुंबा डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. शसबीर कौर संधु, मार्च पास्ट का संचालन पीटीआई तृषा शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर संस्था के केआर सागर, गोसाईराम टांडेकर, प्राथमिक विभाग के प्रधान पाठक रूपा पांडेय, पूर्व माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक कीर्ति थवाईत, प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरमा, विकास यादव, मितेश शर्मा, डी. बसंत साव, नेहा दुबे, हीरालाल जोशी, आक्षांक्षा भोई, रंजीत सिंह रूपराह, दिव्येश वाणी, रौनक अग्रवाल, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, योगिता ठाकुर, हेमलाल चक्रधारी, मधु साहू, ऋतुराज देवांगन, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनि ठाकुर, तेजेश्वरी साहू, अंजू चंद्राकर मनीषा कन्नौजे, ऋतुराज देवांगन, प्रेम यादव, मोहन, प्रकाश झम्मन, गणेश, दुर्गा, सहित संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिका सहित छात्र संघ के पदाधिकारी तुषा साहू, शाहरिक निखिल, बुशरा, प्रियांक उपस्थित रहे।

### सीबीआई जांच से पीएससी घोटाले का पूरा सच आएगा सामने : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पीएससी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की सामने आईं शिकायतों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के साथ हुए अन्याय का हिसाब होगा और दोषियों को उनके कृत्यों की कड़ी सजा मिलेगी। साहू ने कहा कि सीजी-पीएससी की भर्ती विवादों में रही है। इसमें आयोग के तत्कालीन चेयरमैन टामनसिंह सोनवानी, राजभवन सेक्रेटरी अमृत खलको समेत कई अफसरों के बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर पद पर नियुक्ति के आरोप लगे थे। इसे लेकर अभ्यर्थियों ने राजधानी में नग्न होकर प्रदर्शन तक किया था। लेकिन भूपेश सरकार ने युवाओं के साथ हुए अन्याय पर ध्यान नहीं दिया और उल्टे इन नियुक्तियों को जायज ठहराने के लिए कुतर्क कर भ्रष्टाचार की सारी हदें लांघ दी थीं। उच्च न्यायालय ने भी इन नियुक्तियों पर रोक लगाकर इस पूरे मामले की जांच कराए जाने पर जोर दिया था, लेकिन युवाओं के साथ छल-कपट और धोखाधड़ी करने वाली प्रदेश सरकार ने इसकी जांच की कोई पहल नहीं की। साहू ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र मोदी की गारंटी में प्रदेश के युवाओं से यह वादा किया था कि सत्ता में आते ही भाजपा सरकार न केवल इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराई जाएगी, अपितु पीएससी की तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जाएगी।

## बेरोजगारी भत्ता पर भाजपा की नीति स्पष्ट नहीं : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक

**प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता से वंचित कर रही भाजपा**



विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश के भाजपा सरकार पर बेरोजगारी भत्ता योजना को षड़यंत्रपूर्वक बंद करने का आरोप लगाते हुए इसे प्रदेश के 18 से 35 वर्ष के युवाओं के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश सरकार को बेरोजगारी भत्ता पर अपनी नीति स्पष्ट करना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की थी। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए कांग्रेस कार्यकाल में लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन भी किया जाता रहा। बेरोजगारी भत्ता पुस्तक खरीदने एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए एक सहारा बना। परीक्षा फॉर्म भरने, अन्य जरूरी सामग्री खरीदने में युवाओं के लिए मददगार साबित हुई। इस योजना के प्रारंभ होने से बहुत सारे समस्याओं का समाधान हुआ तथा युवाओं को छोटे-छोटे चीजों के लिए माता-पिता पर आश्रित नहीं रहना पड़ा।

चंद्राकर ने कहा कि अब युवाओं के हित के इस महत्वपूर्ण योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। युवाओं को आखिरी बार नवंबर-2023 में बेरोजगारी भत्ता की आखिरी किस्त जारी की गई थी। प्रति महीने 2,500 रुपए प्रदान किए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। बेरोजगारी भत्ते पर अभी तक आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है। भूपेश सरकार में प्रदेश के 17 लाख पंजीकृत बेरोजगारों के लिए यह योजना सहारा बना था। आचार संहिता की अवधि में भी योजना का लाभ बेरोजगारों को नवंबर महीने तक मिलता रहा। प्रदेश में बेरोजगारों को आठ महीने में 146 करोड़ रुपए का वितरण किया गया।

बारहवीं पास बेरोजगारों को इस योजना के तहत उनके खातों में सीधे 2,500 रुपए की राशि प्रदान की जाती थी। बेरोजगारों को आर्थिक मदद के साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण भी देना था। लेकिन, इस महत्वपूर्ण योजना तथा युवाओं के हित में भाजपा के जनप्रतिनिधि, नेता मौन साधे हुए हैं।

## रबि फसल के लिए धान की रोपाई प्रारंभ...



**मैनपुर।** रबि फसल में धान की रोपाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। इन दिनों धान की कटाई मिंजाई के बाद मैनपुर क्षेत्र में जिन किसानों के पास ट्यूबवेल सिंचाई की सुविधा है ऐसे किसान इन दिनों धान की बोआई और रोपाई कार्य कर रहे है। यह तस्वीर ग्राम बासीन में लिया गया है।

# नर्रा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को बागबाहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत नर्रा पहुंची। यात्रा में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। संकल्प यात्रा में पहुंचे महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद पंचायत बागबाहरा स्मिता चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि हितेश चंद्राकर, लोचन पटेल, जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान, शहर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, कोमाखान मंडल अध्यक्ष भेखलाल सागर चंद्राकर, दुबेलाल साहू, मूलचंद साहू, नवीन पटेल स्थानीय सरपंच गोपाल किशन पटेल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत कल्पना को सकार करने के लिए आज हम हमको संकल्प लेना है और मोदी का सपना है कि हमारा देश समृद्ध बने। देश के अंतिम छोर में बसे लोग समृद्ध हो। सभी अतिथियों ने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी देते हुए हर गरीब परिवारों को पक्का मकान, नल ही जल मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति, उज्जवला योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ सभी इन योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन फ्लैक्स और पोस्टर के माध्यम से जन जन तक पहुंचाई जा रही है। यात्रा में राजस्व विभाग के अनुभागीय अधिकारी, कोमाखान तहसीलदार ममता ठाकुर, विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी, सरपंच लोभेश्वर पांडे, सचिव घनश्याम दीवान, रोजगार सहायक पोखराज बेलदार सहित ग्रामीण व हितग्राही मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ कथा का हुआ शुभारंभ

**अभनपुर।** धमतरी जिला माहेश्वरी समाज (साउथ जोन) के तत्वाधान में रविवार को अभनपुर के चंपारण गोपाल धर्म शाला ग्राउंड परिसर में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन 7 व 13 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ पर कथा वाचक वृंदावन धाम से आये महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी श्री भास्करानन्द महाराज है। जिनकी वाणी से यह आठ दिवसीय शिवमहापुराण कथा बताई जायेगी। 7 जनवरी रविवार को कलश यात्रा व पूजा पाठ कर कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में 8 जनवरी को मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग निर्मित कर विधि विधान से जलाभिषेक पूजन किया जायेगा, 9 जनवरी को साध्वी कृष्णानंद द्वारा सुंदरकांड का पाठ, 10 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क चिकित्सा परामर्श केम्प आयोजित किया जाएगा। जिसमें माहेश्वरी समाज के डॉक्टरों द्वारा मरीजो को परामर्श दिया जाएगा, 12 जनवरी को महिलाओं के लिये ग्रूमिंग क्लास मालती मालपानी ईटारसी एवं सायबर सुरक्षा



डिजिटल बदलाव विषय पर मोटिवेशनल स्पीच डॉक्टर सौरभ माहेश्वरी द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 13 को सुबह 9 बजे से यज्ञ पूर्णाहुति की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन तक माहेश्वरी युवा व महिला संगठन द्वारा रोजाना रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।

## पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच से युवाओं को मिलेगा न्याय : अमित

**महासमुंद।** भाजपा मीडिया सह संयोजक अमित यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पीएससी में हुए घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पीएससी भर्ती परीक्षा में हुए घोटाले के उजागर होने से प्रदेश के युवाओं के साथ न्याय होगा। पीएससी जैसे पदों में अपने करीबी एवं परिवार के सदस्यों की भर्ती कर प्रदेश के युवाओं के साथ छल करने वालों खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अमित ने कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालते ही भूपेश बघेल ने राज्य में सीबीआई जांच की सहमति वापस ले ली थी। सीबीआई को दूर रखने का मकसद यही था कि कांग्रेस के कारनामों से पर्दा न उठे। अमित ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में आते ही लगातार कई विभागों में भ्रष्टाचार हुए। यहां तक की शिक्षित नवयुवकों द्वारा दी जाने वाली पीएससी की भर्ती परीक्षा पर भी भ्रष्टाचार किया गया, जो नौजवान छत्तीसगढ़ और देश के भविष्य संवारने में सहायक होते, उनके साथ प्रदेश की भूपेश सरकार ने अन्याय किया। धन की लालच में सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने पीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पदों की बंदरबांट की। भाजपा ने अब पीएससी घोटाले की सीबीआई से जांच करने का आदेश दे दिया है। अब छत्तीसगढ़ के नौजवानों के साथ न्याय होगा। मोदी की गारंटी का पहिया अब आगे बढ़ता जाएगा। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचारियों एवं अपराधियों की जांच की जाएगी।

# अरंड पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत अरंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के योजनाओं को विस्तार से फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रीतम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्षता सरपंच देवराज ठाकुर ने की। कार्तिक राम पूर्व सरपंच पटेल, शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव भाजपा युवा नेता, नितिन जिंदल भाजपा नेता, जवाहर दीवान पूर्व सभापति जिला पंचायत, देवानंद पटेल, दिगंबर पटेल, हुशन निर्मलकर, नीला यादव व अनिता साहू विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग, जल जीवन मिशन, राजस्व विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग खाद्य विभाग, वन विभाग, स्वास्थ विभाग, महिला व बाल विकास



विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व शिक्षा विभाग आदि का स्टाल लगाया गया था। शासन के योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचार रखें। जिसमें रोहित राणा ,आरती सेन, जीतू ठाकुर, सेवंती ध्रुव, अमृत राणा, नीरा निर्मलकर, खुशबू ध्रुव, देवानंद पटेल, सरस्वती ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, सोहद्रा ध्रुव आदि ने अपने विचार रखें। महिला व बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार वितरण व छोटे बच्चों को अतिथियों द्वारा अन्न प्रसन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौतुक पटेल, लेख राम जगत, रोहणी कुमार देवांगन, जयराम पटेल, श्रीवास्तव ध्रुव, शोभा राम ध्रुव, शौक्री लाल साहू, कुश ध्रुव, दिनेश दुबे, ईश्वर साहू, हेमप्रकाश ध्रुव, युवराज निर्मलकर, मानसिंह दीवान, प्रदीप कर, नकुल राम साहू, शैलेंद्र सिन्हा, गंगा पैकरा, फुलकुंवर पटेल, अर्चना पटेल, संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी रतन तंवर, शिविर प्रभारी राम कुमार पांडेय, सहायक प्रभारी दीपक बढाई, अमित दीवान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक रोहणी देवांगन व आभार प्रदर्शन शिविर प्रभारी आरके पांडेय ने किया।

## पेज 9 के शेष...

### राजिम कुंभ की...

सीएम श्री साय ने आज क्लीयर कर दिया कि राजिम में कुंभ मेला फिर से होगा और इसकी ख्याति देश और दुनिया में फिर लौटेगा।

**इनकी रही उपस्थिति-** प्रारंभ में साहू समाज के पदाधिकारियो ने सीएम विष्णुदेव साय का गज माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालो में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल राम साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर,राजनीति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भक्तिन मंदिर समिति के संरक्षक शैलेंद्र साहू,जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू,उपाध्यक्ष द्वय घनश्याम साहू,ओंकार साहू,किशोर साहू,श्याम साहू, भोले साहू, दीनानाथ साहू, संजय साहू, संजय चौधरी, तरूण साहू, डॉ. ओंकार साहू, कुलेश्वर साहू,लोकनाथ साहू,नेहरू साहू, ओमप्रकाश साहू,जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, बोधन साहू,रूपसिंह साहू,किरण साहू,उरेंद्र साहू,प्रवीण साहू,डॉ लीलाराम साहू,युवराज साहू,श्रीकांत साहू, कुंजबिहारी साहू, मिंजुन साहू, गौतम साहू, हेमंत साहू, किशन साहू, डॉ. रामकुमार साहू, डॉ महेंद्र साहू, रामु राम साहू, महेंद्र साहू, अधिवक्ता अनुशासन साहू, हेमराज साहू, कमलेश साहू, चंदन साहू, अनिल साहू, गेंदलाल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल थे। मंच में सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदुलाल साहू सहित साहू समाज के कई विधायक एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### मेडकीडबरी में...

सदस्य हेमलता ध्रुव ने कहा कि यहां पर मात्रा एक बूथ है जो पर्याप्त नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मेडकीडबरी में एक बूथ में खोला जाना चाहिए।

**वोट करने से रह जाते हैं वंचित-** मतदाता ज्यादा होने के कारण यहां पर रात 7.00 बजे तक मतदान होता रहा। सुबह से रात 7 बजे तक लंबी कतार लोगों का लगी रही। लोग थक-हारकर सब लाइन छोड़कर इधर-उधर बैठ गए थें। यहां के लोगों ने बताया कि यहां विधानसभा और लोकसभा में एक बूथ होने के कारण कई लोग अपने वोट करने से वंचित रह जाते हैं। मेडकीडबरी के लोग 5 किलोमीटर चलकर गए, दो घंटे खडे होने के बाद मतदान कर पाए। मेडकीडबरी के समस्त मतदाता शासन प्रशासन से आने वाले लोकसभा में मेडकीडबरी में मतदान केंद्र खोलने की मांग की है।

### यात्री जान जोखिम...

ने भी कई बार समस्याओं का दुखड़ा रोया लेकिन इस ओर बस कंपनी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकांश बसो के सीट टूट- फुट गये हैं। कांच पूरी तरह टूट गया है। जिसके कारण ठंड के दिनों में कांच से सीधे हवा यात्रियों की हालत खराब कर रही है और यह बस जिला मुख्यालय से होकर गुजर रही है। इसके बावजूद जिला परिवहन विभाग क्यो ध्यान नहीं दे रहा है समझ से परे है। बस में यात्रा करने वाले मधुसुदन मांझी, केशबो राम ठाकुर, ठाकुरराम यादव, मनराखन साहू, श्रीमति बिमला जगत, भावना ठाकुर, श्रद्धा साहू ने बताया बसो में अग्नि शमन यंत्र, मेडिकल कीट जैसे सामान नहीं है रास्ते में किसी तरह की समस्या हो तो साधन जुटाना मुश्किल होगा। यात्री बसो में फिटनेश की भी जॉच नहीं हो रही है। नहीं तो ऐसे अधिकांश बसे क्षेत्र में दिखाई नहीं देते हैं।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### विधायक ध्रुव ने अभिनेता गोविंदा से की मुलाकात

**मैनपुर।** बालीवुड के सुपर स्टार गोविंदा से शनिवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने रायपुर माना एयरपोर्ट में मूलाकात किया। विधायक जनक ध्रुव ने फिल्म स्टार गोविंदा को जय छत्तीसगढ़ संबोधित कर स्वागत किया तो फिल्म स्टार गोविंदा ने भी छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया बोलकर अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने बताया हम लोग फिल्म स्टार गोविंदा को सिर्फ फिल्मो के पर्दो पर देखा था आज उनसे साक्षात मिलकर बेहद खुशी महसूस हुई।

### दो महिलाओं से 7 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ी गईं दो महिलाओं पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्नेहलता पति धरमु (55 साल) ग्राम गिधली के घर की बाड़ी से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए और खिरबाई राणा पति नित्यानंद राणा (42 साल) ग्राम खेमड़ा के घर की बाड़ी से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया है। दोनों महिला आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### दुकान से देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के मामले में एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मिथलेश धीवर पिता हेमुलाल (42 साल) निवासी वार्ड नं 5 तुमगांव के पास से दुकान में अवैध रूप से रखे 2160 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 960 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो युवकों से शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने नंद कुमार विश्वकर्मा पिता बुधुराम (45 साल) निवासी वार्ड नं 6 बागबाहरा को लालपुर गांव से पकड़ा। वहीं पिथौरा चौक के पास से सरोज पांडे पिता धनराज पांडे (32 साल) निवासी वार्ड 09 कर्रा पारा से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी के पास से कुल 7020 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3120 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बिजली करंट की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** बिजली करंट की चपेट में आने से एक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रामकानी कोल्हे पिता बबन कोल्हे (22) निवासी पिठुल रूतमई मंदिर पीर थाना पीपलगांव जिला गोगांव महाराष्ट्र के बिजली करंट की चपेट में आने पर उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई

महासमुंद। पिथौरा में आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में शनिवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा मुढ़ीपार में दबिश दी गई। जहां पर सुखराम प्रजापति के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को अवैध रूप से बिक्री करने रखा गया था। जिसे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## टोकरो में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा ...



**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो में रविवार को राम मंदिर अयोध्या की अक्षत कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। इसमें गांव के लोग अक्षत कलश के पूजा करने भारी संख्या में शामिल हूए। सर्वप्रथम मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया एवं गांव भ्रमण के बाद दुर्गा मंदिर में समापन किया गया।

### सैर सपाटा : रविवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थलो पर पहुंचे लोग

# नौका विहार करने सोंढूर जलाशय में तांता पर्यटकों को काटेज का जल्द मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खास खबर

- सोंढूर जलाशय में नौका विहार के लिए भारी भीड़

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य क्षेत्र के पर्यटन स्थल सोंढूर जलाशय, सिकासार जलाशय एवं उदंती अभ्यारण्य देवदहरा जलप्रपात में इन दिनों पर्यटको का आना - जाना बढ़ गया है। प्रतिवर्ष दिसम्बर और जनवरी माह में भारी पर्यटक यहां प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो से आते हैं। गरियाबंद जिले में स्थित उदंती सीतानदी अभयारण्य का रुख अब सैलानी करने लगे हैं। यहां देवधारा, गोडेना जलप्रपात, सोंढूर जलाशय, चौकसील धार्मिक पर्वत स्थल, बोतल धारा जलप्रपात, शेषपगार, आमामोरा ओढ़ की पहाड़ियों समेत कई पर्यटन स्थल मौजूद हैं। घने जंगल और सुंदर वादियों के बीच यहां देवधारा और गोडेना जलप्रपात है, जो लोगों का मन मोह लेता हैं। यहां आकर लोग सुकून महसूस करते हैं। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के मुचकुन्द, गौतम ऋषि जैसी ऊंची पहाड़ी की चोटियों पर ट्रैकिंग भी शुरू कर दी गई है। सोंढूर बांध पर बोटिंग की भी सुविधा भी शुरू की गई है। बर्ड वॉचिंग और मेचका में ईको पार्क का भी लुत्फ उठाया जा सकता है।

सोंढूर जलाशय में 4 मोटरबोट की व्यवस्था की गई है, जिसमें लाइफ जैकेट के साथ सभी सुविधा मौजूद है। नौका विहार करने के लिए पहले पंजीयन कराना पड़ता है। प्रशिक्षत ट्रेनर द्वारा यहां नौका विहार कराया जा रहा है यहां कैंटीन, भोजन जलपान की भी व्यवस्था है। वन प्रबंधन समिति द्वारा इसका संचालन किया जाएगा इसके साथ ही दो जिप्सी की भी व्यवस्था है इस जिप्सी में पर्यटक पूरे उदंती सीतानदी अभयारण्य क्षेत्र की सैर कर रहे है। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक सोंढुर जलाशय में पहुंचकर नौका विहार करते खूब आनंद लेते दिखे बड़ी संख्या में यहां पर्यटक पिकनिक मनाने प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से पहुंचे थे।



**जलाशय में चार नौका की व्यवस्था**

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सोंढुर जलाशय में चार नौका की व्यवस्था की किया गया है साथ ही जिप्सी की भी व्यवस्था है। उन्होने बताया काटेज का निर्माण कार्य चल रहा है जल्द इसका लाभ पर्यटको को मिलेगा।



### पहाड़ी पर दो काटेज का हो रहा निर्माण

सोंढुर जलाशय में पर्यटको के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा पहाड़ी के ऊपर बेहतरीन दो काटेज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है इस काटेज का जल्द ही पर्यटको को लाभ मिलेगा यहां से सोंढुर जलाशय का खुबसूरत दृश्य काटेज से बैठे - बैठे देख सकते है।

### खाद यूरिया गोल्ड को सरकार की हरी झंडी

**रसेला।** सरकार ने सल्फर कोटेड यूरिया को यूरिया गोल्ड नाम से बाजार में उतारने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग ने उर्वरक निर्माता कंपनियों से कहा है कि इसकी कीमत जीएसटी सहित 266.50 रुपये होगी। अब नीम लेपित यूरिया के 45 किलोग्राम बैग के समान एमआरपी पर 40 किलोग्राम बैग में सल्फर कोटेड यूरिया की बिक्री शुरू होगी। सल्फर कोटेड यूरिया में नाइट्रोजन के साथ सल्फर की कोटिंग होती है।सल्फर पौधों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए जमीन में हो रही सल्फर की कमी को पूरा करने में मदद करती है। सल्फर पौधों में प्रोटीन बनाने और रोग से सुरक्षा करता है। इसके उपयोग से फसलों की उत्पादकन बढ़ता है। सल्फर कोटेड यूरिया से नाइट्रोजन धीरे-धीरे रिलीज होती है, जबकि यूरिया गोल्ड में ह्यूमिक एसिड मिला होने की वजह से इसकी लाइफ ज्यादा होती है। यह मौजूदा यूरिया का अच्छा विकल्प है. 15 किलो यूरिया गोल्ड 20 किलो पारंपरिक यूरिया के बराबर फायदा देगा । सल्फर-कोटेड यूरिया से मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने, पोषक तत्वों का पूरा फायदा उठाने और फसल की बेहतर पैदावार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। यूरिया गोल्ड की मदद से पर्यावरण को भी बहुत फायदा होगा।



## नववर्ष का कैलेंडर किया गया विमोचन ...



**छुरा।** कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। प्रशिक्षु अतिरिक्तउप पुलिस अधीक्षक प्रवीण भारती ने कहा की हरी भूमि प्रशासन और जनता के बीच एक सेतु का काम करती है, जनपद पंचायत के सीईओ अमजद जाफरी ने कहा कि हरिभूमि शासन की योजनाओं को घर -घर तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, सभी ने शुभकामनाएं दी हैं।



### देवरी में विधायक साहू का हुआ स्वागत

**गरियाबंद कोपरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का काफिला ग्राम जेंजरा से होते हुए ग्राम देवरी में पहुंचा। गाजे बाजे के साथ राजिम विधायक रोहित साहू का भव्य स्वागत किया गया। जिसमें सरपंच भागवत राम साहू, उपसरपंच डीगेश साहू, प्रदीप साहू, पंच भीखम तारक, पंच बैतल साहू, पंच रामनारायण साहू, पंच रामचरण साहू पंच सुखदेव साहू, पत्रकार डोमन साहू लकेश्वर साहू, पति राम तारक शिव तारक देवीदयाल साहू गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

# राजिम में सीएम का विधायक निवास में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल होने धर्म नगरी राजिम पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का विधायक रोहित साहू के निवास में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए गजमाला और गुलाब फुल भेंटकर भव्य स्वागत किया। सीएम श्री साय व डिप्टी सीएम श्री साव विधायक रोहित साहू के निवास में चर्चा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, नेपाल साहू, डिगेश साहू, रामाधार साहू, ओमप्रकाश साहू, पन्ना साहू, विजय कंडरा, किशोर साहू, ओंकार साहू, ओंकार यदु, वीरेंद्र साहू, दीपक साहू, प्रीतम साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, देवकी साहू, छाया राही, खुशी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव,अनीता यादव, भुनेश्वरी साहू, ज्योति ठाकुर मौजूद रही। महोत्सव स्थल पहुंचते ही सीएम श्री साय और डिप्टी सीएम श्री साव ने भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया।



# सोशल मीडिया में अभद्रता की थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

सतनामी समाज अभनपुर के द्वारा सोशल मीडिया वाट्सग्रुप मे सार्वजनिक रूप से जातिगत अपशब्द के प्रयोग करने वाले के विरोध में थाना प्रभारी अभनपुर को ज्ञापन सौप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सोशल मीडिया वाट्सग्रुप मे किसी विषय को लेकर ग्राम सारखी निवासी बलराम हिरवानी द्वारा आपत्तिजनक शब्द का उपयोग किया गया था जो सतनामी समाज को सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से जातिगत गाली गलौच के श्रेणी मे आता है जिस पर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौप कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई।



### गोढ़ियारी में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

# गायत्री शक्तिपीठ महायज्ञ में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व शांति मानव कल्याण सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय हेतु गायत्री शक्तिपीठ काण्डेकेला अमलीपदर इकाई द्वारा ग्राम गोढ़ियारी में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। 6 जनवरी शनिवर दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्र निकाली गई संध्या द्वीप यज्ञ प्रवचन संपन्न हुआ और आज रविवार को सुहह 8 बजे से महायज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें विभिन्न संस्कार पुष्पवन संस्कार, मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार आदि कराया गया यज्ञ संचालन हेतु ऋशिकुंज शांतिकुंज प्रतिनिधि जुगेश्वर नाग ओड़िशा से टिकेमनी, मनभीरा, जानेश्वर, अगर मनिहारा, गोशी मनिहारा के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से उमाशंकर हंसराज, केनुराम यादव, देवशरण साहू, जयमल यादव, टीकम नागेश, अमर यादव, तिरेश प्रधान, नरेन्द्र दीवान, भूमिलता यादव, गौकरण, सुरेश यादव, मिलाप, पुष्पराज, अमृत लाल, ठाकुरराम व सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रभर से श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

